कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

–: कार्यालय आदेश :–

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा–मा/संस्था/सी–1/नियुक्ति–अंग्रेजी/पीएससी–15/2017 दिनांक 11.06.2017 द्वारा क्रम संख्या 230 मेरिट नं. 523 पर अंकित श्री चेतन देव साधु पुत्र श्री कैलाश चन्द साधु को राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर से चयनोपरान्त व्याख्याता अंग्रेजी के पद पर नियुक्ति प्रदान कर राउमावि पाटिया, खैरवाड़ा, उदयपुर पदस्थापित किया गया था। जहां इन्होंने राउमावि मायला, मसूदा, अजमेर से व0अ0 पद से कार्यमुक्त होकर दिनांक 24.06.2017 को कार्यग्रहण कर लिया। वर्तमान में ये दिनांक 24.08.2017 से स्वामी विवेकानन्द रा0 मॉडल विद्यालय, मसूदा, अजमेर में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत है।

श्री चेतन देव साधु व्याख्याता, अंग्रेजी, स्वामी विवेकानन्द रा0 मॉडल विद्यालय, मसूदा, अजमेर ने अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपनी निजी एवं पारिवारिक समस्याओं के कारणवशः पूर्व पद व0अ0 पर पदस्थापन करने का निवेदन किया है। श्री चेतन देव साधु पूर्व कार्यरत पद व0अ0 पर पदाधिकार (लियन) नियमानुसार रखते है।

अतः इनके आवेदन पत्र द्वारा पूर्व पद व0अ0 के पद पर पदस्थापित करने सम्बंधी आवेदन स्वीकार किया जाकर इन्हें व्याख्याता अंग्रेजी के पद से मुक्त करते हुए पूर्व स्थाई पद व0अ0 के पद पर पदस्थापित करने हेतु उप निदेशक (माध्यमिक) शिक्षा अजमेर को सुपुर्द किया जाता है।

(नथमल डिडेल)
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा–मा/संस्था/सी–1/नियुक्ति–अंग्रेजी/पीएससी/2015 दिनांक :– 21/12/2017

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. उप निदेशक (माध्यमिक) शिक्षा अजमेर को भेजकर निर्देशित किया जाता है कि चेतन देव साधु का पदस्थापन व0अ0 पद पर तत्काल कर अवगत करावें।
2. जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) अजमेर/उदयपुर
3. प्रधानाचार्य, राउमावि पाटिया, खैरवाड़ा, उदयपुर
4. प्रधानाचार्य, स्वामी विवेकानन्द रा0 मॉडल विद्यालय, मसूदा, अजमेर को भेजकर निर्देशित किया जाता है कि इन्हें अविलम्ब कार्यमुक्त कर इस कार्यालय को सूचित करें।
5. श्री चेतन देव साधु व्याख्याता, अंग्रेजी स्वामी विवेकानन्द रा0 मॉडल विद्यालय, मसूदा, अजमेर
6. अनुभाग अधिकारी वरिष्ठता अनुभाग कार्यालय हाजा।
7. निजी एंव रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

Order